**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

**दिनांक : 25 /06/2026** **समय :7.10 एएम**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से 29 तारीख तक सेशेल्स के राजकीय दौरे पर रहेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- नशे के दुष्परिणामों से बचाने पाठक्रम शामिल करें।
- देश में एलपीजी आपूर्ति में सुधार, पहले की तरह बहाल हुईं सेवाएं।
- आईसीसी महिला ट्वेन्टी-ट्वेन्टी विश्व कप में भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया।

अब समाचार विस्तार से....

प्रधानमंत्री सेशेल्स दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से 29 तारीख तक सेशेल्स के राजकीय दौरे पर रहेंगे। वे वहाँ के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में 'विशिष्ट अतिथि' के रूप में शामिल होंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे और पारस्परिक हित के क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा को संबोधित करेंगे और वहाँ रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी बातचीत करेंगे। बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत और स्थायी मित्रता को नई गति देते हुए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगी।

एलपीजी आपूर्ति बहाल

वैश्विक संकट के बीच भारत के लिए अच्छी खबर है, देश में एलपीजी आपूर्ति में सुधार आने के बाद केंद्र सरकार ने औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति पर लगे सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं। अब पश्चिम एशिया संकट से पहले की तरह आपूर्ति बहाल कर दी गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, थोक एलपीजी की आपूर्ति को पहले से 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है, जिससे कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही, सरकार ने पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने का भरोसा भी जताया है।

जल-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' संकल्प से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में एक अभूतपूर्व जल क्रांति का सूत्रपात किया है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी ने अपने हालिया लेख में मुख्यमंत्री को जनप्रिय 'जल नायक' के रूप में रेखांकित करते हुए लिखी हैं। लेख के अनुसार, मुख्यमंत्री पिछले 22 वर्षों के अपने भगीरथ संकल्प और अटूट निष्ठा के बल पर, वे जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रदेश के पारंपरिक जल स्रोतों, कुओं और बावड़ियों का कायाकल्प कर रहे हैं। आस्था की केंद्र माँ शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त और अविरल बनाना उनका मुख्य ध्येय है, ताकि आगामी सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालु शुद्ध जल में स्नान कर सकें।

नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा अपडेट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी (आंसर की) को चुनौती देने की विंडो खोल दी है। उम्मीदवार 28 तारीख तक ूूूण्दममजण्दजंण्पद पर प्रति प्रश्न ₹200 शुल्क देकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, पुनर्परीक्षा में शामिल छात्र शुल्क वापसी के लिए 30 तारीख तक बैंक विवरण अपडेट कर सकते हैं।

आईएसएसएफ निशानेबाजी

भारत ने जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में कल 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चार और पदक जीतकर 25 पदक अपने नाम कर लिए। पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में राज चंद्र ने कांस्य पदक जीता, जबकि कुमार योगेश चैथे स्थान पर रहे। योगेश, प्रतीक और अभिनव चैधरी की भारतीय तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

खेल पैकेज

भारत ने जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में कल 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चार और पदक जीतकर 25 पदक अपने नाम कर लिए।

उधर, आईसीसी महिला ट्वेन्टी-ट्वेन्टी विश्व कप में ग्रुप ए के  मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। वहीं, हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए रविवार को ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा।

वहीं, भारत आज बेलफास्ट में मेजबान आयरलैंड के साथ पहला ट्वेन्टी-ट्वेन्टी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगा। भारतीय समय अनुसार मैच शाम 6 बजे शुरू होगा।

लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन

भोपाल के रवीन्द्र भवन में आज ’लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन’ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रदेशभर से आए करीब दो हजार मीसाबंदियों और उनके परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले तीन वयोवृद्ध सेनानियों का विशेष सम्मान करेंगे।

नशामुक्ति मध्यप्रदेश सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बैठक में कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे के दुष्परिणामों से किशोरों और युवाओं को समय रहते परिचित कराना जरूरी है। नशे के विरूद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए।

मुख्यसचिव समीक्षा

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कल प्रदेश के कलेक्टर्स को शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगीकरण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुशासन के लिए सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने और हर विद्यार्थी की अपार आईडी बनाने को कहा। बैठक में शिशु-मातृ मृत्यु दर कम करने, सभी जिलों में पशु आश्रय स्थल विकसित करने और पीएनजी कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

सेफ क्लिक 2.0

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित ’सेफ क्लिक 2.0’ अभियान के तहत उज्जैन पुलिस प्रशिक्षण शाला में 637 नव आरक्षकों को विशेष साइबर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य साइबर पुलिस के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा इन्हें डिजिटल अरेस्ट, वित्तीय धोखाधड़ी और ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों से निपटने की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इस दौरान नव आरक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया।

एकीकृत कृषि

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कल लखनऊ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार का संकल्प किसानों की आमदनी बढ़ाना है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए हमें इंटीग्रेटेड फार्मिंग (एकीकृत कृषि) मॉडल को अपनाना होगा। श्री चैहान ने कहा कि

लोकतंत्र बचाव प्रहलाद सिंह पटेल

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या का दिन' बताया है। उन्होंने कल ग्वालियर में कहा कि आधी शताब्दी बीतने के बाद भी उन्हें अपने स्कूली जीवन की वे यादें अच्छी तरह ताजा हैं। मंत्री पटेल ने जोर देकर कहा कि देश ने आजादी के बाद जो अन्याय और यातनाएं झेली हैं, उसकी जानकारी आगामी पीढ़ी को होना जरूरी है, ताकि वे समझ सकें कि लोकतांत्रिक मूल्य कितने महत्वपूर्ण हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में......

- शिवपुरी के बदरवास में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 8 कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले में 159 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए।
- खंडवा के शासकीय आईटीआई में 2 जुलाई को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले में विभिन्न निजी कंपनियां करीब 200 पदों पर भर्ती करेंगी। इसमें 18 से 35 वर्ष आयु के 5वीं से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण युवा भाग ले सकेंगे।
- आगर मालवा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय विकासखंड स्तरीय शिविरों में वयोश्री योजना के 99 वरिष्ठजनों और एडिप योजना के 63 दिव्यांगजनों को चिन्हांकित किया गया है।
- अशोकनगर में खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर योजना के तहत एथलेटिक्स कोच की नियुक्ति की गई है। इसके अंतर्गत विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले और आर्मी व पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग दी जाएगी।
- कटनी जिले में स्कूल चलें हम अभियान के तहत शाला प्रारंभ उत्सव के दूसरे चरण में शासकीय स्कूल दोबारा खुल गए हैं। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के 100 से अधिक अधिकारियों ने स्कूलों में प्रेरक बनकर बच्चों का मार्गदर्शन किया।
- झाबुआ कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक कल संपन्न हुई। बैठक में जनता की सुविधा के लिए भौगोलिक परिस्थितियों, प्राकृतिक सीमाओं आदि पर चर्चा की गई।
- डिंडोरी जिले के मेहदवानी में जन अभियान परिषद द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत दनदना नदी तट पर स्वच्छता श्रमदान किया गया।

-------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन

भोपाल के रवीन्द्र भवन में आज 'लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रदेशभर से आए करीब दो हजार मीसाबंदियों और उनके परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले तीन वयोवृद्ध सेनानियों का विशेष सम्मान करेंगे।

(2) नशामुक्ति - सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बैठक में कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे के दुष्परिणामों से किशोरों और युवाओं को समय रहते परिचित कराना जरूरी है। नशे के विरूद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए।

(3) मुख्यसचिव समीक्षा

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कल प्रदेश के कलेक्टर्स को शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगीकरण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुशासन के लिए सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने और हर विद्यार्थी की अपार आईडी बनाने को कहा। बैठक में शिशु-मातृ मृत्यु दर कम करने, सभी जिलों में पशु आश्रय स्थल विकसित करने और पीएनजी कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

(4) सेफ क्लिक 2.0

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत उज्जैन पुलिस प्रशिक्षण शाला में 637 नव आरक्षकों को विशेष साइबर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य साइबर पुलिस के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा इन्हें डिजिटल अरेस्ट, वित्तीय धोखाधड़ी और ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों से निपटने की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इस दौरान नव आरक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया।

------------

दिनांक : 26/06/2026 समय : सुबह 7.10

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातः कालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से 29 तारीख तक सेशेल्स के राजकीय दौरे पर रहेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा– नशे के दुष्परिणामों से बचाने पाठक्रम शामिल करें।
- देश में एलपीजी आपूर्ति में सुधार, पहले की तरह बहाल हुईं सेवाएं।

और

- आईसीसी महिला ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप में भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया।

**अब समाचार विस्तार से....**

**प्रधानमंत्री सेशेल्स दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से 29 तारीख तक सेशेल्स के राजकीय दौरे पर रहेंगे। वे वहाँ के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में 'विशिष्ट अतिथि' के रूप में शामिल होंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे और पारस्परिक हित के क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा को संबोधित करेंगे और वहाँ रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी बातचीत करेंगे। बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत और स्थायी मित्रता को नई गति देते हुए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगी।

**एलपीजी आपूर्ति बहाल**

वैश्विक संकट के बीच भारत के लिए अच्छी खबर है, देश में एलपीजी आपूर्ति में सुधार आने के बाद केंद्र सरकार ने औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति पर लगे सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं। अब पश्चिम एशिया संकट से पहले की तरह आपूर्ति बहाल कर दी गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, थोक एलपीजी की आपूर्ति को पहले से 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है, जिससे कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही, सरकार ने पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने का भरोसा भी जताया है।

**जल–आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' संकल्प से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में एक अभूतपूर्व जल क्रांति का सूत्रपात किया है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी ने अपने हालिया लेख में मुख्यमंत्री को जनप्रिय 'जल नायक' के रूप में रेखांकित करते हुए लिखी हैं। लेख के अनुसार, मुख्यमंत्री पिछले 22 वर्षों के अपने भगीरथ संकल्प और अटूट निष्ठा के बल पर, वे जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रदेश के पारंपरिक जल स्रोतों, कुओं और बावड़ियों का कायाकल्प कर रहे हैं। आस्था की केंद्र माँ शिप्रा

नदी को प्रदूषण मुक्त और अविरल बनाना उनका मुख्य ध्येय है, ताकि आगामी सिंहस्थ–2028 में श्रद्धालु शुद्ध जल में स्नान कर सकें।

**नीट–यूजी 2026 पुनर्परीक्षा अपडेट**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट–यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी (आंसर की) को चुनौती देने की विंडो खोल दी है। उम्मीदवार 28 तारीख तक www.neet.nta.in पर प्रति प्रश्न ₹200 शुल्क देकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, पुनर्परीक्षा में शामिल छात्र शुल्क वापसी के लिए 30 तारीख तक बैंक विवरण अपडेट कर सकते हैं।

**आईएसएसएफ निशानेबाजी**

भारत ने जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चौंपियनशिप 2026 में कल 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चार और पदक जीतकर 25 पदक अपने नाम कर लिए। पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में राज चंद्र ने कांस्य पदक जीता, जबकि कुमार योगेश चौथे स्थान पर रहे। योगेश, प्रतीक और अभिनव चौधरी की भारतीय तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

**खेल पैकेज**

भारत ने जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चौंपियनशिप 2026 में कल 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चार और पदक जीतकर 25 पदक अपने नाम कर लिए।

उधर, आईसीसी महिला ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप में ग्रुप ए के मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। वहीं, हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए रविवार को ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा।

वहीं, भारत आज बेलफास्ट में मेजबान आयरलैंड के साथ पहला ट्वेन्टी–ट्वेन्टी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगा। भारतीय समय अनुसार मैच शाम 6 बजे शुरू होगा।

**लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन**

भोपाल के रवीन्द्र भवन में आज 'लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रदेशभर से आए करीब दो हजार मीसाबंदियों और उनके परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले तीन वयोवृद्ध सेनानियों का विशेष सम्मान करेंगे।

**नशामुक्ति मध्यप्रदेश सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बैठक में कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे के दुष्परिणामों से किशोरों और युवाओं को समय रहते परिचित कराना जरूरी है। नशे के विरूद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए।

**मुख्यसचिव समीक्षा**

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कल प्रदेश के कलेक्टर्स को शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगीकरण और कानून–व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुशासन के लिए सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने और हर विद्यार्थी की अपार आईडी बनाने को कहा। बैठक में

शिशु–मातृ मृत्यु दर कम करने, सभी जिलों में पशु आश्रय स्थल विकसित करने और पीएनजी कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

**सेफ क्लिक 2.0**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत उज्जैन पुलिस प्रशिक्षण शाला में 637 नव आरक्षकों को विशेष साइबर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य साइबर पुलिस के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा इन्हें डिजिटल अरेस्ट, वित्तीय धोखाधड़ी और ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों से निपटने की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इस दौरान नव आरक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया।

**एकीकृत कृषि**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल लखनऊ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार का संकल्प किसानों की आमदनी बढ़ाना है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए हमें इंटीग्रेटेड फार्मिंग (एकीकृत कृषि) मॉडल को अपनाना होगा। ंश्री चौहान ने कहा कि

**बाइट– शिवराज सिंह चौहान**

**लोकतंत्र बचाव प्रहलाद सिंह पटेल**

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या का दिन' बताया है। उन्होंने कल ग्वालियर में कहा कि आधी शताब्दी बीतने के बाद भी उन्हें अपने स्कूली जीवन की वे यादें अच्छी तरह ताजा हैं। मंत्री पटेल ने जोर देकर कहा कि देश ने आजादी के बाद जो अन्याय और यातनाएं झेली हैं, उसकी जानकारी आगामी पीढ़ी को होना जरूरी है, ताकि वे समझ सकें कि लोकतांत्रिक मूल्य कितने महत्वपूर्ण हैं।

**बाइट– प्रहलाद सिंह पटेल**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में......**

- शिवपुरी के बदरवास में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 8 कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले में 159 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए।
- खंडवा के शासकीय आईटीआई में 2 जुलाई को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले में विभिन्न निजी कंपनियां करीब 200 पदों पर भर्ती करेंगी। इसमें 18 से 35 वर्ष आयु के 5वीं से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण युवा भाग ले सकेंगे।
- आगर मालवा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय विकासखंड स्तरीय शिविरों में वयोश्री योजना के 99 वरिष्ठजनों और एडिप योजना के 63 दिव्यांगजनों को चिन्हांकित किया गया है।
- अशोकनगर में खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर योजना के तहत एथलेटिक्स कोच की नियुक्ति की गई है। इसके अंतर्गत विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले और आर्मी व पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग दी जाएगी।

- कटनी जिले में स्कूल चलें हम अभियान के तहत शाला प्रारंभ उत्सव के दूसरे चरण में शासकीय स्कूल दोबारा खुल गए हैं। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के 100 से अधिक अधिकारियों ने स्कूलों में प्रेरक बनकर बच्चों का मार्गदर्शन किया।
- झाबुआ कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक कल संपन्न हुई। बैठक में जनता की सुविधा के लिए भौगोलिक परिस्थितियों, प्राकृतिक सीमाओं आदि पर चर्चा की गई।
- डिंडोरी जिले के मेहदवानी में जन अभियान परिषद द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत दनदना नदी तट पर स्वच्छता श्रमदान किया गया।

———————————